बुधवार, 1, अप्रैल 2015

10

दैनिक भास्कर

मूल्य की ही साधना है शिक्षा : मिश्र

ब्यूरो | वर्धा

शिक्षा मूल्य की ही साधना है। वह मनुष्य बनने की प्रक्रिया है और यह मनुष्य होने को आसान भी बनाती है। आज मोबाइल और आईपॉड जैसे शिक्षा के उपकरणों के आने से सीखने के तौर तरीके भी बदल गए हैं। उन उपकरणों का शिक्षा में उपयोग आवश्यक हो गया है। उक्त विचार महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विवि के कुलपति प्रो.गिरीश्वर मिश्र ने व्यक्त किए। वे विवि में शिक्षा एवं मनोविज्ञान विभाग तथा भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 28,29 एवं 30 मार्च को आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन के अवसर पर अध्यक्षीय वक्तव्य दे रहे थे। इस अवसर पर मंच पर आईआईटी कानपुर की प्रो. लीलावती कृष्णन, जेएनयू, नई दिल्ली के प्रो. अरविंद कुमार मिश्र, प्रो. बालकृष्णन उपाध्याय, विवि के शिक्षा विद्यापीठ के अधिष्ठाता तथा संगोष्ठी संयोजक प्रो. अरबिंद कुमार झा, नाटयकला एवं फिल्म अध्ययन विभाग के अध्यक्ष प्रो. सुरेश शर्मा उपस्थित थे।

तीन दिवसीय संगोष्ठी का समापन सोमवार को हबीब तनवीर सभागार में किया गया। समारोह में विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों को कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। कुलपति प्रो. मिश्र ने शिक्षा और मूल्य पर अपनी बात रखते हुए कहा कि दूसरे की चिंता करना ही मूल्य है। हमें खुद की बजाए दूसरों का अधिक मूल्यांकन करना चाहिए। इससे आप बड़े होने के अधिकारी बन सकते है। उन्होंने शिक्षा विद्यापीठ के अंतर्गत मूल्य अध्ययन और अनुसंधान केंद्र स्थापित किए जाने की घोषणा भी अपने अध्यक्षीय संबोधन में की। समापन पर प्रो. लीलावती कृष्णन ने कहा कि जीवन में हर दिन नया सीखने का दिन होता है। शोध करते समय हमें शोध की सीढ़ी चढ़ते रहना चाहिए और शोध को गुणवत्ता पूर्ण बनाना चाहिए। प्रो.अरबिंद कुमार झा ने जीवन में मूल्यों को लेकर पैदा हुए संकट पर विस्तार से विर्मश किया। प्रो. सुरेश शर्मा ने कहा कि दृश्य और श्रव्य के माध्यम से भी शोध होना चाहिए ताकि सिनेमा और धारावाहिकों पर मूल्यपूरक शोध किया जा सके। प्रो. अरविंद कुमार मिश्र और बालकृष्ण उपाध्याय ने भी अपने मंतव्य दिए। संगोष्ठी के प्रतिभागी सलमा (झारखंड), संजय कुमार, (राजस्थान) तथा विवि की शोधार्थी अनुपमा ने भी अपनी बात रखी।

17

गुरुवार, 2 अप्रैल 2015

दैनिक भास्कर

फैकल्टी एवं ऑफिसर्स क्लब ने मनाया जश्न

ब्यूरो | वर्धा. महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विवि को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद, नैक द्वारा ए ग्रेड प्रदान किए जाने पर विवि के फैकल्टी एंड ऑफिसर्स क्लब द्वारा विवि परिवार के साथ नागार्जुन सराय अतिथि गृह के लॉन में जश्न मनाया गया। इस अवसर पर प्रतिकुलपति प्रो. चित्तरंजन मिश्र एवं वरिष्ठ प्रोफेसर मनोज कुमार ने उपस्थितों को संबोधित करते हुए विवि की उपलब्धि के लिए सभी को बधाई दी। भारत में हिंदी भाषा के विकास और संवर्धन के लिए स्थापित इस केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय और विवि अनुदान आयोग ने सभी विवि के लिए राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद नैक द्वारा मूल्यांकन एवं प्रत्यायन अनिवार्य कर दिया है जिसके तहत विवि के मूल्यांकन हेतु नैक की पीयर टीम ने पिछले 23 से 26 फरवरी के दौरान विवि के सभी पहलुओं का अवलोकन किया।

लोकमत समाचार

अपना विदर्भ

र, बुधवार, 1 अप्रैल 2015

हिंदी वि.वि. में अभिनंदन समारोह

वर्धा। 1 अप्रैल (लोस)

हिंदी विश्वविद्यालय को नैक द्वारा 'ए' ग्रेड प्रदान किए जाने पर विश्वविद्यालय के फैकल्टी एंड ऑफिसर्स क्लब की ओर से अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस अवसर पर प्रकुलपति प्रो. चित्तरंजन मिश्र एवं वरीष्ठ प्रोफेसर मनोज कुमार ने उपस्थितों को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय की उपलब्ध के लिए सभी को बधाई दी. भारत में हिंदी भाषा के विकास और संवर्धन के लिए स्थापित इस केंद्रीय विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) ने 'ए' ग्रेड प्रदान किया है. नैक की पीयर टीम ने विश्व विद्यालय के सभी पहलुओं का अवलोकन किया. कार्यक्रम में विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों ने अपने गीत एवं कविताओं के माध्यम से अपनी प्रस्तुतियां भी दी. क्लब की सचिव डॉ. सुप्रिया पाठक ने किया.

12

दैनिक भास्कर
गुरुवार, 2 अप्रैल, 2015

डा.एच.ए हुनगुंद ने मलेशिया में प्रस्तुत किया शोध आलेख

ब्यूरो|वर्धा.

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विवि में भाषा विद्यापीठ के सहायक प्रोफेसर डा.एच.ए हुनगुंद ने केबांगसन विवि कौलालंपुर, मलेशिया में भाषा शिक्षण पर आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में भारत में द्वितीय भाषा शिक्षण की समस्याएं विषय पर शोध आलेख प्रस्तुत किया। अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने केबांगसन विवि के कुलपति प्रो. दातुक नूर अधलन गजली, संगोष्ठी की अध्यक्ष शरीफा जूरिना सैयद कमरूल्ला जमन, सचिव क्षमती अजीजाहा याकूबसन तथा चीथा लोय खिम से चर्चा कर उन्हें विवि की ओर से प्रकाशित डायरी एवं कैलेंडर भेंट किए। संगोष्ठी में डा.हुनगुंद के अभ्यासपूर्ण आलेख की उपस्थितों ने सराहना की तथा उनके प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

सकाळ
गुरुवार,
२ एप्रिल २०१५

डॉ. हुनगुंद यांचा मलेशियात शोधनिबंध सादर

वर्धा, ता. १ : महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयातील भाषा विद्यापीठातील सहायक प्रा. डॉ. एच. ए. हुनगुंद यांनी केबांगसन विश्वविद्यालय कौलालपूर, मलेशिया येथे शिक्षणावर आयोजित दोन दिवसीय आंतरराष्ट्रीय चर्चासत्रात 'भारतात द्वितीय भाषा शिक्षणाच्या समस्या' या विषयावर शोध निबंध सादर केला. मलेशिया प्रवासात डॉ. हुनगुंद यांनी केबांगसन विश्वविद्यालयाचे कुलगुरू प्रा. दातुक नूर अधलन गजली, चर्चासत्राच्या प्रमुख शरीफा जूरिना सैयद कमरुल्ला जमन, सचिव क्षमति अजीजाहा याकूबसन तथा चीथा लोय खिम यांच्याशी चर्चा केली. यावेळी त्यांनी विश्वविद्यालयाची दैनंदिनी आणि कॅलेंडर भेट स्वरूपात प्रदान केले. त्यांच्या निबंधाची उपस्थितांनी प्रशंसा करत आभार मानले.

लोकशाही वार्ता।गुरुवार, २ एप्रिल २०१५

डॉ. हुनगुंद यांचा मलेशियात शोधनिबंध सादर

प्रतिनिधी/वर्धा

महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयातील भाषा विद्यापीठातील सहायक प्रोफेसर डॉ. एच. ए. हुनगुंद यांनी केबांगसन विश्वविद्यालयातील कौलालंपुर, मलेशिया येथे भाषा शिक्षणावर आयोजित दोन दिवसीय आंतरराष्ट्रीय चर्चासत्रात 'भारतात द्वितीय भाषा शिक्षणाच्या समस्या' या विषयावर शोध निबंध सादर केला. आपल्या मलेशिया प्रवासात डॉ. हुनगुंद यांनी केबांगसन विश्वविद्यालयाचे कुलगुरू प्रो. दातुक नूर अधलन गजली, चर्चासत्राच्या प्रमुख शरीफा जूरिना सैयद कमरूल्ला जमन, सचिव क्षमति अजीजाहा याकुबसन तथा चीथा लोय खिम यांच्याशी चर्चा केली. यावेळी त्यांनी विश्वविद्यालयाची दैनंदिनी आणि कॅलेंडर भेट स्वरूपात प्रदान केले. त्यांच्या निबंधाची उपस्थितांनी प्रशंसा करत त्यांचे आभार मानले.

(18)

तरुण भारत
शुक्रवार, ३ एप्रिल २०१५

हिंदीचा प्रादेशिक भाषांशी घनिष्ठ संबंध : शुक्ला

वर्धा : हिंदी भाषा प्रादेशिक भाषांना पूरक आहे. हिंदी आणि प्रादेशिक भाषा भिन्न नाहीत. ज्याप्रमाणे आपल्या शरीरातील रक्तवाहिन्यांचा परस्परांशी संबंध असतो, तसाच विविध भौगोलिक विभागात बोलल्या जाणाऱ्या प्रादेशिक भाषांचा संबंध असतो. आपल्या भाषेविषयी जिव्हाळा असणे स्वाभाविक आहे. पण यासाठी अन्य भाषांचा विरोध करणे असंस्कृतपणाचे लक्षण असल्याचे प्रतिपादन प्रा. हनुमानप्रसाद शुक्ला यांनी केले. ते एमगिरी येथे प्रादेशिक भाषा आणि हिंदी विषयावरील कार्यशाळेत मार्गदर्शन करताना बोलत होते. अध्यक्षस्थानी एमगिरीचे संचालक डॉ. प्रफुल्ल काळे होते. प्रास्ताविक मनोरंजन पटनायक यांनी, संचालन अपर्णा सिंह यांनी केले. यावेळी एमगिरीचे कर्मचारी, हिंदी विद्यापीठातील सामाजिक संशोधन विभागातील विद्यार्थी उपस्थित होते.

दैनिक भास्कर
शुक्रवार. 3 अप्रैल 2015

हिंदीत प्रादेशिक भाषांचा संग्रह

शुक्ला यांचे मत,प्रादेशिक भाषा कार्यशाळा,

प्रतिनिधी/वर्धा

हिंदी भाषा प्रादेशिक भाषांना पुरक आहे. हिंदी आणि प्रादेशिक भाषा या भिन्न नाहीत. ज्याप्रमाणे आपल्या शरीरातील रक्तवाहिन्यांच्या परस्परांशी संबंध असतो तसाच विविध भौगोलिक विभागात बोलण्यात येणाऱ्या प्रादेशिक भाषांचा संबंध असतो. आपल्या भाषांविषयी जिव्हाळा असणे स्वाभाविक आहे. पण यासाठी अन्य भाषांचा विरोध करणे असंस्कृतपणाचे लक्षण असल्याचे मत प्रा. हनुमानप्रसाद शुक्ला यांनी मांडले.

एमगिरी येथे 'प्रादेशिक भाषा आणि हिंदी' या विषयावर कार्यशाळा घेण्यात आली. याप्रसंगी प्रमुख वक्ता ते बोलत होते. अध्यक्षस्थानी संचालक डॉ. प्रफुल्ल काळे होते. प्रास्ताविक डॉ. मनोरंजन पटनायक यांनी केले. कार्यक्रमाचे संचालन व आभार अर्पणा सिंह यांनी मानले. यावेळी एमगिरीचे अधिकारी, कर्मचारी वर्ग यासह हिंदी विद्यापीठातील सामाजिक संशोधन विभागातील विद्यार्थी उपस्थित होते.

(21)

शनिवार, 4 अप्रैल 2015

दैनिक भास्कर

हरियाली

हिंदी विवि का परिसर, गर्मी के दिनों में भी हरियाली से भरपूर है। विभिन्न रंगों के पौधे तपन में आखों को ठंडक का एहसास कराते हैं।

शनिवार, दि. ४ एप्रिल २०१५

देशोन्नती

वर्धा : महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यापीठात गांधीजींच्या चष्म्याची प्रतिकृती उभारण्यात आली आहे. विद्यापीठाला भेट देणाऱ्यांचे हा चष्मा आकर्षण ठरले आहे.

मंगलवार, 7 अप्रैल, 2015

दैनिक भास्कर

29

लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में हुई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा

ब्यूरो | वर्धा.

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विवि में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ आईक्यूएसी की चौथीं बैठक आयोजित की गई। बैठक में नेक की पीयर टीम द्वारा दिए गए सुझावों एवं अकादमिक विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने की। बैठक में महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिकरण संस्था, एमगिरि के निदेशक प्रो. प्रफुल्ल काले, यशवंत महाविद्यालय के विधि विभाग के अध्यक्ष प्रो.अशोक पावडे, दिल्ली विवि के प्रो. आनंद प्रकाश, विवि के प्रो. मनोज कुमार , प्रो. सूरज पालीवाल, प्रो. अनिल कुमार रॉय , प्रो. सुरेश शर्मा, प्रो. हनुमंत प्रसाद शुक्ल, प्रो. एल.कारूण्यकरा, डा. अन्नपूर्णा सी संयुक्त कुलसचिव कादर नवाज खान तथा अकादमिक संयोजक डा. शोभा पालीवाल उपस्थित थे। भाषा विद्यापीठ के सभागार में आयोजित बैठक में च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम के अनुसार पाठयक्रम निर्माण करना, कमजोर विद्यार्थियों के लिए प्रभावशाली उपाय अपनाना, विभिन्न संस्थाओं से शोध परियोजनाएं प्राप्त करने की दिशा में प्रयास करना, भारतीय, एशियाई, युरोपीय और लैटिन अमेरिकी साहित्य के हिंदी अनुवाद पर जोर देना, विशेषज्ञता आधारित परामर्श कार्यक्रम को बढ़ावा देना एवं वनीकरण को बढ़ावा देना आदि विषयों पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। धन्यवाद ज्ञापन आईक्यूएसी की समन्वयक डा.शोभा पालीवाल ने किया।

दैनिक भास्कर
बुधवार, 8 अप्रैल 2015

हिंदी विवि में व्याख्यान आज

ब्यूरो | वर्धा.

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विवि के अनुसंधान अधिकारी जीतेंद्र गुप्त द्वारा लिखित आलोचना पुस्तक भारतीय इतिहासबोध का संघर्ष और हिंदी प्रदेश के लिए बीसवां देवीशंकर अवस्थी सम्मान प्राप्त हुआ है। इस तारतम्य में वर्धा संस्कार और बहुवचन के संयुक्त तत्वावधान में इतिहासबोध का संघर्ष-संघर्ष का इतिहासबोध विषय पर जीतेंद्र गुप्त का एक व्याख्यान बुधवार को साढ़े 4 बजे हबीब तनवीर सभागार में आयोजित किया गया है। व्याख्यान के उपरांत कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र के सानिध्य में हिंदी आलोचना का इतिहास विषय पर संगोष्ठी होगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के प्रधानमंत्री प्रो. अनंतराम त्रिपाठी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रतिकुलपति प्रो. चित्तरंजन मिश्र करेंगे, संगोष्ठी में वक्ता के रूप में प्रो.सूरज पालीवाल, प्रो.के.के सिंह, रामानूज अस्थाना, मनोज पांडेय तथा संजीव कुमार वक्तव्य देंगे। संगोष्ठी में उपस्थित रहने का आह्वान बहुवचन के संपादक अशोक मिश्र संस्कार संयोजक राकेश श्रीमाल ने किया है।

रविवार, 12 अप्रैल 2015,

दैनिक भास्कर

समानता, सक्षमता और उत्कृष्टता के लिए सीबीसीएस आवश्यक : प्रो.देवराज

ब्यूरो. वर्धा

शिक्षा में समानता, सक्षमता और उत्कृष्टता लाने के लिए चॉइस बेस्ट क्रेडिट सिस्टम आवश्यक है। सभी केंद्रीय और राज्य विवि को चाहिए कि वे अपने पाठ्यक्रम में इस प्रणाली को लागू कर विद्यार्थियों को अधिक से अधिक विषयों में अध्ययन करने की आजादी प्रदान करें। उक्त विचार विवि अनुदान आयोग, नई दिल्ली के उपाध्यक्ष प्रो. देवराज ने व्यक्त किए।

वे महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विवि एवं विवि अनुदान आयोग नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में मुंबई विवि के कविवर्य कुसुमाग्रज मराठी भाषा भवन में आयोजित चॉइस बेस्ट क्रेडिट सिस्टम कार्यशाला के उद्घाटन पर मुख्य वक्तव्य दे रहे थे। शुक्रवार को संपन्न हुए उद्घाटन समारोह में मंच पर मुंबई विवि के कुलपति डा.राजन वेलूकर, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विवि के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र, सीबीसीएस के विषय विशेषज्ञ प्रो.श्रीमन नारायण तथा प्रो.एम पी महाजन, मुंबई विवि के प्रति कुलपति डा. नरेश चंद्र उपस्थित थे। इस कार्यशाला में महाराष्ट्र, गोवा, मध्यप्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़ तथा बिहार इन छह राज्यों के कुलपति, कुलसचिव तथा वरिष्ठ प्रोफेसर समेत दो सौ से अधिक प्रतिनिधि उपस्थित हुए। प्रो. देवराज ने सीबीसीएस की विस्तार से व्याख्यान करते हुए बदलते शैक्षणिक परिदृश्य में विद्यार्थियों के लिए उसकी आवश्यकता को लेकर अपने वक्तव्य में कहा कि नेशनल क्वालिफिकेशन कमिशन ने शिक्षा में समरूपता लाने पर बल दिया है और इसे अमलीजामा पहनाने के लिए विवि अनुदान आयोग ने सीबीसीएस प्रणाली के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी रुचि के विषय पढ़ने की आजादी दी है। इस प्रणाली में शिक्षक को ही मुख्य आधार माना गया है। आयोग केवल पॉलिसी बनाने का काम करता है। यूजीसी चाहती है कि हमारी शिक्षा प्रणाली और शिक्षक भी जवाबदेही बने ताकि उच्च शिक्षा के माध्यम से छात्रों में मूल्यों का संचार हो और उन्हें करियर बनाने के लिए उनमें सक्षमता और उत्कृष्टता विकसित हो। शिक्षकों को चाहिए कि वे गुगल पर आश्रित होने के बजाए आदर्श गुरु बने। उन्होंने कहा कि, सीबीसीएस पूरे देशभर के शिक्षा संस्था में लागू करने के लिए मानव संसधान विकास मंत्री स्मृति इरानी ने पहल करें इसे शिक्षण शेष के लिए महत्वकांक्षी निर्णय बनाया है। समारोह में प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने कहा कि, विद्यार्थियों को करिअर चुनने के लिए सीबीसीएस एक उपयोगी विकल्प है। उन्होंने अपने विवि का हवाला देते हुए कहा कि, हम अंतर-अनुशासित पाठ्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को अनेक विषय पढ़ने की स्वतंत्रता दे रहे हैं।

जंगल में मिली महिला की लाश

गोंदिया. चिचगड थानांतर्गत वडेकसा जंगल में अज्ञात महिला की लाश मिली। घटना 10 अप्रैल सुबह को सामने आई। चिचगड़ पुलिस ने आकस्मिक मृत्यु का ममाला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार महुआफूल का मौसम शुरू होने से क्षेत्रवासी सुबह से ही महुआ फूल चुनने के लिए गए थे। वहां उन्हें बदबू आई। जिसकी खबर वनपरिक्षेत्र के कर्मचारियों को दी गई। घटना की शिकायत चिचगड के खुशबू राकेश बघेल ने पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल पर जाकर पंचनामा किया।

मंगलवार, 14 अप्रैल 2015

दैनिक भास्कर

आलोचना पर बाजारवाद का प्रभाव : प्रो.मिश्र

भारतीय इतिहासबोध का संघर्ष विषय पर व्याख्यान

ब्यूरो | वर्धा.

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विवि के कुलपति प्रो.गिरीश्वर मिश्र ने कहा कि आज की हिंदी आलोचना पर बाजारवाद का गहरा प्रभाव है। आलोचना किसी भी दृष्टि से की जा सकती है और यह स्थिति बौद्धिक विकास का विकल्प है। लेकिन बौद्धिकों को अपने विचारों के स्रोत के बारे में अपनी दार्शनिक प्रेरणाओं के बारे में स्थिति अवश्य स्पष्ट करनी चाहिए। मिश्र ने यह बात वर्धा संस्कार एवं बहुवचन के संयुक्त तत्वावधान में महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विवि के हबीब तनवीर सभागार में आयोजित हिंदी आलोचना का इतिहास संगोष्ठी में कही। उन्होंने ब्रितानी साम्राज्यवादी इतिहासकारों और बौद्धिकों द्वारा भारतीयों के बारे में फैलाए गए दुष्प्रचार के बारे में भी बताया। उनका कहना था कि मनोविज्ञान जैसे अकादमिक अनुशासन तक में इस तरह की तर्कहीन और गर्हित बाते भारतीयों के बारे में दर्ज है। इस मौके पर विवि के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र द्वारा अनुसंधान अधिकारी जीतेंद्र गुप्ता को शाल देकर सम्मानित किया गया। युवा आलोचक जीतेंद्र गुप्ता को पिछले दिनों दिल्ली में 19 वें देवीशंकर अवस्थी पुरस्कार भारतीय इतिहासबोध का संघर्ष और हिंदी प्रदेश के लिए प्रदान किया गया। जीतेंद्र गुप्ता ने इतिहास बोध का संघर्ष -संघर्ष का इतिहास बोध विषय पर एक व्याख्यान दिया जिसमें उन्होंने 20वीं शताब्दी के आरंभिक दौर में भारतीय जनता के बारे में ब्रितानी साम्राज्यवादी इतिहासकारों की गलत व्याख्याओं के इतिहास को बताया। विस्तारपूर्वक जानकारी दी कि किस प्रकार हिंदी के प्रारंभिक बौद्धिकों ने भारतीय इतिहासबोध को एक शक्ल प्रदान की।

व्याख्यान के बाद हिंदी आलोचना का इतिहास विषय पर एक संगोष्ठी हुई जिसमें गोरखपुर विवि से आए मुख्य अतिथि प्रो.सुरेंद्र दुबे ने जीतेंद्र गुप्ता की उनके आलोचकीय साहस के लिए प्रशंसा की और हिंदी आलोचना की आरंभिक प्रवृत्तियों के आधार पर हिंदी प्रदेश में बौद्धिक स्तर पर उपजे साम्राज्यवाद विरोधी माहौल के बारे में बताया। उन्होंने इस बौद्धिक उपलब्धि का श्रेय हिंदी के आरंभिक आलोचकों को दिया। संगोष्ठी में साहित्य विद्यापीठ के प्रो.कृष्ण कुमार सिंह ने हिंदी आलोचना पर दो टूक बातें कही। उन्होंने शेष | पेज 16 पर

आलोचना पर बाजारवाद...

इस बात ओर इशारा किया कि बहुत खराब स्थिति उत्पन्न हो रही है। इसके पश्चात सूरज पालीवाल, डा.रामानूज अस्थाना, युवा कहानीकार मनोज कुमार पांडेय व शोध छात्र संजीव कुमार ने अपने विचार व्यक्त किए। अध्यक्षीय वक्तव्य में प्रो.चित्तरंजन मिश्र ने कहा कि भाषा और विचार का विकास असहमति से होता है। असहमति से ही वातावरण निर्मीत होता है। आज की आलोचना तुरंत की संस्कृति की आलोचना है। उन्होंने संगोष्ठी में हुए विचार-विमर्श की प्रशंसा की और कहा की विवि हिंदी आलोचना के इतिहास पर गोष्ठियों के माध्यम से आगे भी कार्य करेगा। संगोष्ठी का संचालन अशोक मिश्र ने किया। कार्यक्रम के अंत में कथाकार राकेश मिश्र ने धन्यवाद ज्ञापन किया। विवि के प्रकोष्ठ वर्धा संस्कार के संयोजक राकेश श्रीमाल एवं बहुवचन संपादक ने संगोष्ठी को क्रियान्वित किया। कार्यक्रम में विवि के शिक्षक, छात्र और शोधार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

शुक्रवार, 17 अप्रैल 2015

दैनिक भास्कर

डा. आंबेडकर से प्रेरणा लेकर ज्ञानदीप जलाएं : प्रो. मिश्र

» भाषण प्रतियोगिता में उपासना गौतम प्रथम

ब्यूरो | वर्धा. डा. बाबासाहेब आंबेडकर अपने लिए नहीं बल्कि अपने समाज को बड़ा बनाने के लिए उन्होंने ज्ञान अर्जित किया। उन्होंने विभिन्न विधाओं में ज्ञान प्राप्त कर अपने समय की बड़ी ताकतों को झुकाया। उनके ज्ञान का दीप अपने भीतर महसूस करने के लिए हमें डा. आंबेडकर से प्रेरणा लेनी होगी। यह विचार महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विवि के प्रतिकुलपति प्रो. चित्तरंजन मिश्र ने व्यक्त किए। वे विवि में भारतरत्न डा. बाबासाहेब आंबेडकर की 124वीं जंयती के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में बोल रहे थे। विवि के हबीब तनवीर सभागृह में 14 अप्रैल को आयोजित समारोह में दलित एवं जनजाति अध्ययन केंद्र के निदेशक तथा संस्कृति विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो.एल. कारुण्यकरा, भाषा विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. अरविंद कुमार झा, डा.भदंत आनंद कौसल्यायन बौद्ध अध्ययन केंद्र के प्रभारी डा. सुरजीत कुमार सिंह मंचासीन थे।

प्रो. मिश्र ने कहा कि डा. आंबेडकर पर बुद्ध का गहरा प्रभाव था। उन्होंने बुद्धकालीन गणराज्य व्यवस्था का अध्ययन कर उसे भारतीय संविधान में उतारा है। किशन पटनायक द्वारा लिखित विकल्पहीन नहीं है दुनिया पुस्तक का जिक्र करते हुए प्रो. मिश्र ने कहा कि दलितों और पिछड़ों में न्याय की भूख पैदा करने में महात्मा फुले, लोहिया और डा. आंबेडकर की अहम भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि भारत ही नहीं अपितु दुनिया के अनेक देश आज डा. आंबेडकर के ज्ञान का लोहा मान रहे हैं। प्रो. कारूण्यकरा ने कहा कि डा. आंबेडकर को केवल दलितों का नेता नहीं कहा जा सकता। वे पूरे देश और समाज के ऐसे नेता थे, जिन्होंने समाज के हर वर्ग के प्रति संघर्ष किया। प्रो. अरबिंद कुमार झा ने डा. आंबेडकर के जीवन और कार्य के अनेक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि वे देश और दुनिया के लिए ज्ञान के प्रतीक है। प्रारंभ में उपस्थित अतिथियों ने डा. आंबेडकर की प्रतिमा को माल्यार्पण किया। मुख्य समारोह के बाद विवि के विद्यार्थी और कर्मियों के लिए दलित और सामाजिक परिवर्तन विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें विवि के छात्र-छात्राओं ने अपने विचार रखे। प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार उपासना गौतम को, दूसरा पुरस्कार रजनीश कुमार त्रिपाठी को तथा तीसरा पुरस्कार आकाश खोब्रागडे, दिनेश पटेल और राजेश अहिरवार को दिया गया। प्रतियोगिता के परीक्षक की भूमिका में प्रो.एल कारूण्यकार, प्रो. अरबिंद कुमार झा और नृपेंद्र प्रसाद मोदी थे। कर्मी अमन ताकसांडे ने वो बात करो पैदा.....गीत प्रस्तुत किया। मुख्य समारोह का संचालन डा. सुरजीत कुमार सिंह ने किया तथा भाषण प्रतियोगिता का संचालन साहित्य विद्यापीठ में सहायक प्रोफेसर डा. उमेश कुमार सिंह ने किया। समारोह में अध्यापक, अधिकारी, कर्मी, वर्धा के गणमान्य नागरिक एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

दैनिक भास्कर
मंगलवार 21 अप्रैल, 2015

मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पर व्याख्यान

हिंदी विवि के सावित्रीबाई फुले महिला छात्रावास का आयोजन

ब्यूरो |वर्धा.

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विवि में स्थित सावित्रीबाई फुले महिला छात्रावास में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो.गिरीश्वर मिश्र ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दत्ता मेघे आयुर्विज्ञान संस्थान, सांवगी के मनोविश्लेषक डा. प्रकाश बेहरे एवं उनके सहयोगी चिकित्सक, नाटयकला एवं फिल्म अध्ययन विभाग के प्रो. सुरेश शर्मा, कुलसचिव संजय गवई, छात्रावास अधीक्षक अर्वतिका शुक्ला तथा छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत कुलपति प्रो.मिश्र के हाथों स्मृति चिन्ह एवं सूत की माला देकर किया गया। कार्यक्रम का आयोजन छात्रावास में गठित अध्ययन समिति की ओर से किया गया।

कार्यक्रम में डा. बेहरे ने मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता विषय पर अपने विचार व्यक्त कर छात्राओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने बताया कि मानसिक रोग के अलग-अलग कारण होते हैं और उस व्यक्ति की दिनचर्या और उसके व्यक्तित्व पर निर्भर करता है। मानसिक बीमारी के लक्षणों में नींद ना आना, अधिक विचार या चिंता करना, बार-बार क्रोध आना, आवाज बंद हो जाना, घबराहट आदि शामिल है। उन्होंने उदाहरण के साथ कहा कि टीवी कार्यक्रमों में अधिकतर मानसिक रोगी दिखाए जाते हैं किंतु मानसिक रोगियों की स्थिति उसी प्रकार की नहीं होती। मानसिक रोग के लक्षणों में बदलाव आने के बाद वह बीमारी पागलपन का रूप धारण कर सकती है और उस व्यक्ति के लिए ये लक्षण खतरनाक बीमारी के रूप में सामने आती है।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने कई सवाल किए। डा. बेहरे ने कहा कि युवा वर्ग में अधिक समस्याएं होती हैं। जैसे पढ़ाई, परीक्षाएं, दोस्त, घर का वातावरण, असफलता से निराश होना आदि। इसमें बार-बार दोस्तों को बदलना, मल्टीपल रिलेशनशिप भी मानसिक रोग के लक्षण होते हैं। उन्होंने कहा कि अधिकतर युवाओं को इस बीमारी से बचना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन सावित्रीबाई फुले महिला छात्रावास की अधीक्षक तथा स्त्री अध्ययन विभाग की सहायक प्रोफेसर अर्वतिका शुक्ला ने किया। कार्यक्रम आयोजकों में अध्ययन समिति की संयोजक चित्रलेखा अंशु, सदस्य उमा, भारती, सविता, नीलिमा, भावना मासीवाल, आरती शामिल थी। कार्यक्रम में छात्रावास की विभिन्न विभागों की छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थीं।

गुरुवार 23 अप्रैल, 2015

दैनिक भास्कर

छात्रों ने किया सत्याग्रह आंदोलन

» बढ़ा हुआ शैक्षणिक शुल्क पीछे लेने की मांग

ब्यूरो | वर्धा.

महात्मा गांधी हिंदी विश्व विद्यालय के विविध विभाग के सैकड़ों विद्यार्थियों ने अपनी विविध मांगों को लेकर मंगलवार को एकत्रित होकर प्रो.कुलपति के कार्यालय के सामने सत्याग्रह आंदोलन किया।

हिंदी विवि ने हर एक विभाग के विविध पाठ्यक्रम का शुल्क नियम का उल्लंघन बढ़ा दिया है। सत्र 2015-16 के लिए 100 से 200 फीसदी फीस बढ़ाकर विद्यार्थियों को लूटने का आरोप लगाते हुए बढ़ाया गया शुल्क पीछे लें, पुरानी पद्धति से ही शुल्क लेने की मांग विद्यार्थियों ने की। हिंदी भाषा का प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम पर अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय शुरू किया गया। इस विवि में देश के विविध राज्य के विद्यार्थी विविध पाठ्यक्रम की शिक्षा ले रहे हैं। वर्ष 2014-15 में एमए समाज कार्य विषय के पाठयक्रम के लिए प्रवेश के समय पहली किश्त के तौर पर 150 रुपए, सुरक्षा राशि 250 रुपए, शिक्षा 800 रुपए, स्टुडिओ, प्रयोगस्कूल, शैक्षणिक भ्रमण एक हजार रुपए, चिकित्सा शुल्क 50 रुपए, लायब्रेरी 50 रुपए, सांस्कृतिक 75 रुपए, पहचान पत्र 25 रुपए, परीक्षा शुल्क 100 रुपए शुल्क लिया जाता था। लेकिन वर्ष 2015-16 में इसी पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश शुल्क 300 रुपए, सुरक्षा राशि एक हजार रुपए, शिक्षा एक हजार रुपए, स्टुडिओ, प्रयोग स्कूल, शैक्षणिक भ्रमण तीन हजार रुपए, चिकित्सा शुल्क 150 रुपए, लायब्रेरी 100 रुपए, सांस्कृतिक 150 रुपए,पहचान पत्र 100 रुपए, परीक्षा शुल्क 300 रुपए तथा विद्यार्थी कल्याणकोश के तौर पर 500 रुपए लिए जाएंगे। पीएचडी पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश के समय पहली किश्त के तौर पर 2014-15 में प्रवेश शुल्क 300 रुपए, सुरक्षा राशि 1000 हजार, चिकित्सा शुल्क 50 रुपए, लायब्रेरी 300 रुपए, सांस्कृतिक 75 रुपए, पहचान पत्र 25 रुपए, परीक्षा शुल्क के तौर पर 1 हजार रुपए लिए जाते थे। लेकिन अब 2015-16 के लिए इसी पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश शुल्क 2 हजार रुपए, सुरक्षा राशि 3 हजार रुपए, शिक्षा 2 हजार, स्टुडिओ, प्रयोगस्कूल,शैक्षणिक भ्रमण एक हजार, चिकित्सा शुल्क 150 रुपए, लायब्ररी 500 रुपए, सांस्कृतिक 150 रुपए, पहचान पत्र 100 रुपए,परीक्षा शुल्क 4 हजार रुपए, विद्यार्थी कल्याण **शेष** | पेज 16 पर

छात्रों ने किया...

तरह विवि के विविध पाठ्यक्रम का शुल्क भी बढ़ाने का आरोप विद्यार्थियों ने लगाया है। विवि के शैक्षणिक सत्र 2015-16 के लिए बढ़ाया गया शुल्क नियमों से अधिक होकर उसे पीछे लेने की मांग को लेकर विद्यार्थियों ने सत्याग्रह आंदोलन किया। आंदोलन में विवि के विविध शाखा के सैकड़ों विद्यार्थी शामिल हुए।

शुक्रवार 24 अप्रैल 2015

दैनिक भास्कर

हिंदी विवि में 'आखर अद्यतन' का आयोजन

ब्यूरो|वर्धा. महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विवि आखर अद्यतन के अंतर्गत आकाशवाणी के मशहूर समाचार वाचक एवं कहानीकार नवनीत मिश्र के कहानी पाठ का आयोजन हबीब तन्नवीर सभागृह में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो.गिरीश्वर मिश्र ने की। इस अवसर पर प्रतिकुलपति प्रो.चित्तरंजन मिश्र एवं कुलानुशासक प्रो.सूरज पालीवाल भी मंचस्थ थे।नवनीत मिश्र ने अपनी व्यक्तिगत डायरी की कृपया इसे न पढ़ें नामक कहानी का पाठ किया। उन्होंने अपनी जादुई आवाज में कहानी को पढ़ते हुए श्रोताओं को संवेदना की ऊंचाई का एहसास कराया। उनकी कहानी पर टिप्पणी करते हुए कुलपति प्रो.गिरीश्पर मिश्र ने कहा कि नवनीत मिश्र की कहानी प्रयोग की दृष्टि से उल्लेखनीय होने के साथ विमर्शों आदि से मुक्त जीवन की कहानी है। उनकी कहानी में समृद्ध नारी की झलक दिखाई पड़ती हैं, वह जीवन मूल्यों को स्थापित करती है। उन्होंने कहा कि कहानी साहित्य की एक मुख्य विद्या है और इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से हमें साहित्य के वैभव को बढ़ाना चाहिए। प्रो. चित्तरंजन मिश्र ने कहानी पर अपने भाव व्यक्त करते हुए कहा कि रचनाकार भीतर के अभाव को भाव बदलने की चेष्टा करता है। कहानी की विशेषता यह है कि इसमें पाठक कहानी का पात्र बनकर उसका सुख और दुख भी भोगता है। प्रो.सूरज पालीवाल ने कहा कि नवनीत मिश्र की कहानी सुख से शुरू हो कर कारुण्य में समाप्त होती है। इस अवसर पर प्रो.के.के.सिंह, डा.अनवर अहमद सिद्दीकी, राकेश मिश्र, डा.सुरजीत कुमार सिंह, ऋषभ मिश्र तथा शोधार्थी अभिषेक त्रिपाठी ने भी कहानी पर अपनी बात रखी।

दैनिक भास्कर
शुक्रवार, 24 अप्रैल, 2015

हिंदी व्याकरण परीक्षक का प्रदर्शन

ब्यूरो|वर्धा.

महात्मा गांधी अंतर राष्ट्रीय हिंदी विवि के सहायक प्रोफेसर डा.धनजी प्रसाद द्वारा हिंदी व्याकरण परीक्षक का विकास किया गया है। इस सॉफ्टवेयरा का प्रदर्शन मंगलवार को विवि के भाषा विद्यापीठ में कुलपति प्रो.गिरिश्वर मिश्र की उपस्थिति में किया गया। इस सॉफ्टवेयर को आचार्य नाम दिया गया है। प्रस्तुतिकरण में डा.धनजी प्रसाद ने बताया कि यह एक नियम आधारित सॉफ्टवेयर है, जिसमें 50 हजार शब्दों के डाटाबेस का प्रयोग किया गया है। यह सॉफ्टवेयर वाक्य और पदबंध स्तर के ही स्तरों का कार्य करता है। इसके लिए वाक्य स्तर के 56 और पदबंध स्तर के 28 नियम दिए गए हैं। अभी इस सॉफ्टवेयर का विकास कार्य जारी है।। यह सॉफ्टवेयर वाक्य या पदबंध स्तर की जाने वाली व्याकरणिक त्रुटियों को लाल रंग का और सही प्रयोगों को हरे रंग का कर देता है। इस प्रस्तुतीकरण में प्रो.उमाशंकर उपाध्या, जगदीप सिंह दागी, डा.अनिल कुमार पाण्डेय, डा.अशोकनाथ त्रिपाठी, डा.रामानुज अस्थाना, डा.अनिल कुमार दुबे, डा.हुनगुंद, डा.उमेश सिंह सहित विभिन्न विभागों के अध्यापक, शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित थे।

शुक्रवार 24 अप्रैल, 2015

दैनिक भास्कर

हिंदी व्याकरण परीक्षक सॉफ्टवेयर का प्रदर्शन

ब्यूरो | वर्धा

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विवि के सहायक प्रोफेसर डा.धनजी प्रसाद द्वारा हिंदी व्याकरण जांचक का विकास किया गया है। इस सॉफ्टवेयर का प्रदर्शन मंगलवार को विवि के भाषा विद्यापीठ में कुलपति प्रो.गिरिश्वर मिश्र की उपस्थिति में किया गया।

इस सॉफ्टवेयर को आचार्य नाम दिया गया है। प्रस्तुतिकरण में डा .धनजी प्रसाद ने बताया कि यह एक नियम आधारित सॉफ्टवेयर है जिसमें 50 हजार शब्दों के डाटाबेस का प्रयोग किया गया है। यह सॉफ्टवेयर वाक्य और पदबंध स्तर के दो स्तरों का ही कार्य करता है। इसके लिए वाक्य स्तर के 56 और पदबंध स्तर के 28 नियम दिए गए हैं। अभी इस सॉफ्टवेयर का विकास जारी है। यह सॉफ्टवेयर वाक्य या पदबंध स्तर पर होने वाले व्याकरण की त्रुटियों को लाल रंग का और सही प्रयोगों को हरे रंग का कर देता है।

इस प्रस्तुतिकरण में प्रो.उमाशंकर उपाध्याय, जगदीप सिंह दांगी, डा.अनिल कुमार पाण्डेय, डा.अशोकनाथ त्रिपाठी, डा.रामानुज अस्थाना, डा. अनिल कुमार दुबे, डा. हुनगुंद, डा.उमेश सिंह सहित विभिन्न विभागों के अध्यापक, शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित थे।

प्रस्तुतिकरण के पश्चात कुलपति महोदय द्वारा सॉफ्टवेयर को और अधिक उपयोगी बनाने हेतु अनेक महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। कुलपति महोदय के अतिरिक्त उपस्थित अन्य प्राध्यापकों द्वारा भी अनेक बहुमूल्य सुझाव दिए गए।

शुक्रवार 24 अप्रैल 2015

दैनिक भास्कर

नागपुर. शुक्रवार. 24 अप्रैल 2015

हिंदी विवि के विद्यार्थियों का आंदोलन खत्म

शुल्कवृद्धि को दिया गया स्थगन

ब्यूरो | वर्धा.

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विद्यापीठ ने सत्र 2015-16 के अचानक प्रवेश शुल्क वृद्धि का निर्णय लिया। जिसके विरोध में विद्यार्थियों ने सोमवार से आंदोलन शुरु किया था। जिस पर गौर करते हुए आखिरकार विद्यापीठ ने शुल्कवृद्धि को स्थगिती दी है। जिसके बाद आंदोलन पिछे लिया गया।

विद्यापीठ के स्त्री अध्ययन, दलित व [illegible]ति अध्ययन, हिंदी साहित्य, अहिंसा व शांति अध्ययन आदी विषयों के एम.ए.पाठ्यक्रम का शुल्क 2 हजार 300 रुपए से 5 हजार 300 रुपए कराने का निर्णय लिया था। एम.फील पाठ्यक्रम का शुल्क 2 हजार 850 रुपए से 8 हजार 900 तथा पीएचड़ी का शुल्क 3 हजार 250 रुपए से 13 हजार 900 रुपए किया था। जनसचार ओर नाट्यकल व फिल्म अध्ययन इस विषय में एम.ए. का शुल्क 3 हजार 350 से 6 हजार 800 किया था। इस विषय का एमफील का शुल्क 2900 रुपए से 8 हजार 900 रुपए तथा पीएचड़ी का शुल्क 4 हजार 250 रुपए से 13 हजार 900 रुपए किया था।

इस शुल्कवृद्धि के विरोध में विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने कुलगुरु के कक्ष के सामने दिन तीनों से सत्याग्रह आंदोलन शुरु किया था। कुलगुरु गिरीश्वर मिश्र, उपकुलगुरु चित्तरंजन मिश्र, कुलानुशासक सूरज पालीवाल के साथ हुई चर्चा के पश्चात शुल्कवृद्धि के निर्णय को स्थगिती मिलने से विद्यार्थियों ने आंदोलन पिछे लिया।

शनिवार, 25 अप्रैल 2015

दैनिक भास्कर

सामाजिक दायित्व निर्वहन के लिए जनसंपर्क जरूरी : प्रो. राय

ब्यूरो | वर्धा.

सामुदायिक सामाजिक दायित्व सीएसआर को प्रभावी रूप से कार्यान्वित करने के लिए जनसंपर्क अत्यंत जरूरी है। यह विचार पब्लिक रिलेशन्स सोसाइटी ऑफ इंडिया के वर्धा चैप्टर के अध्यक्ष एवं महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विवि के संचार एंव मीड़िया अध्ययन केन्द्र के निदेशक प्रो. अनिल कुमार राय ने व्यक्त किए।

वे 21 अप्रैल को राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस एवं विवि में प्रभावी सामुदायिक सामाजिक दायित्व के लिए बेहतरीन जनसंपर्क पर आयोजित संगोष्ठी में बोल रहे थे। अतिथि के रूप में लखनऊ आकाशवाणी के पूर्व उद्घोषक तथा विख्यात कहानीकार नवनीत मिश्र, पत्रकार अशोक मिश्र तथा पब्लिक रिलेशन्स सोसाइटी ऑफ इंडिया के वर्धा चैप्टर के सचिव एवं विवि के जनसंपर्क अधिकारी बी.एस. मिरगे उपस्थित थे। उद्घोषक नवनीत मिश्र ने अपने आकाशवाणी के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि रेडियो पर समाचार उद्घोषक के रूप में काम करते हुए प्रत्येक शब्द का महत्व और उसकी प्रासंगिकता को ध्यान में रखना चाहिए। आज के दौर में इलेक्ट्रानिलक मीडिया में समाचार प्रस्तुतकर्ता को शब्द और वाक्य के प्रति अधिक संवेदनशील होना चाहिए। प्रो. अनिल रॉय ने कहा कि कार्पोरेट संस्थानों को भी अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभानी चाहिए और उसके लिए जनसंपर्क का प्रभावी इस्तेमाल करना चाहिए। प्रारंभ में बी.एस. मिरगे ने पीआरएसआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष के अजीत पाठक द्वारा जारी संदेश का पाठ किया। डा. पाठक ने कहा कि 21 अप्रैल 1968 में अपनी पहली जनसंपर्क परिषद आयोजित की थी। सन् 1986 से 21 अप्रैल को राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस मनाने का निर्णय लिया। जयपुर में आयोजित 36 वें जनसंपर्क सम्मेलन में सब का साथ सबका विकास को लेकर विचार-विमर्श किया गया।



उन्होंने कहा कि सफल जनसंपर्क व्यवसायी एक अच्छा संवादकर्ता, प्रोद्योगिकी से लैसे और एक मानवी संवेदना से जुड़ा व्यक्ति होने के साथ-साथ सही मायनों में समाज वैज्ञानिक भी होता है। अच्छी और प्रभावी जनसंपर्क सेवा के माध्यम से हमें हमेशा समाज के हर तकबे की एम्पायर बनाने की दिशा में तत्पर रहना चाहिए। कार्यक्रम में जिले के सहायक जिला सूचना अधिकारी श्याम टरके, जानकीदेवी बजाज संस्थान में सीएसआर के प्रमुख विनेश काकड़े, विवि के सहायक प्रोफेसर डा. अख्तर आलम, राजेश लेहकपुरे, शोधार्थी शम्भूशरण गुप्त, बलीराम कोकाटे, शाहीन बानो, भवानी शंकर, संतोष मिश्रा, शशि गौर, इम्तियाज अंसारी, दीपिका, अनुपमा, निरंजन कुमार, अभिषेक राय, प्रिया गुप्ता, राजेंद्र यादव, शैलेंद्र पांडे सहित छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

सोमवार 27 अप्रैल, 2015

दैनिक भास्कर

फाइलों को भी करें कम्प्यूटराइज्ड : प्रा. मिश्र

कर्मचारी प्रशिक्षण प्रकोष्ठ ने दिया कर्मियों को कम्प्यूटर प्रशिक्षण

ब्यूरो | वर्धा.

